तापमान

अधिकतम 22 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ एनएसएस शिविर




## खबर संक्षेप



### 10 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रचार-प्रसार एवं संरक्षण के लिए उद्यमशीलता एवं कौशल उन्नयन के तहत छग की लोक कलाओं का शिल्प संसार विषय पर आधारित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर के कुल सचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया गया है। 10 दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न कलाओं के विशेषज्ञ कलागुरुओं द्वारा छात्राओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें शामिल हैं लौह शिल्प मनोज बघेल, बंशीलाल पोयाम, इंदल पोयाम कोण्डागांव, मिट्टी कला ईश्वरी प्रजापति बैकुंठपुर, गोबर कला श्रीमती पुष्पा साहू चिरमिरी, कार्यक्रम की रूपरेखा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने प्रस्तुत की। अंत में भारत सिंह, सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) ने आभार व्यक्त किया।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 26 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र छग द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नियोजित करने के लिए निजी क्षेत्र के नियोजकों से रिक्तियां प्राप्त कर 26 नवंबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष बैकुंठपुर में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों को विभागीय वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट गर्वमेंट डॉट इन में या गूगल प्ले स्टोर के सीजी रोजगार पंजीयन एप्प में अपना रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य है।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 27 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की 27 नवंबर को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, राजेश कुमार, श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रगति एवं क्रियान्वयन व अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## खरीदी केन्द्रों में बढ़ रही धान की आवक, जिले में हैं कुल 21 उपार्जन केन्द्र

# अब तक कोरिया में 3438 क्विंटल की धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत जिले के कुल 21 उपार्जन केन्द्रों में से 14 केन्द्रों में करीब 3438.29 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिले के पटना, गिरजापुर, सोनहत और तरगवां केन्द्रों में धान खरीदी की सर्वाधिक मात्रा दर्ज की गई, जबकि अन्य केन्द्रों में भी किसानों की लगातार आवाजाही बनी रही।

जिला विपणन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पटना उपार्जन केन्द्र में 14 टोकनों के जरिए 897.60 क्विंटल धान, गिरजापुर में 7 टोकनों से 355.60 क्विंटल धान, सोनहत में 8 टोकनों से 406.60 क्विंटल धान, खरीदी ▶▶ शेष पेज 4 पर



धान खरीदी केन्द्र

### रकबे में गड़बड़ी: सुधार के लिए तहसील का चक्कर, किसान परेशान



**सोनहत।** जिले के सोनहत स्तर पर धान खरीदी का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से शुरू होते ही किसानों के रकबे में गड़बड़ी सामने आने लगी है। कई किसानों का गिरदावरी रकबा तो दर्ज है, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल पर वह या तो काफी कम दिखाई दे रहा है या शून्य दिखाया जा रहा है। इस कारण किसान अपनी फसल बेचने से पहले रोजाना तहसील और पटवारी कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम केशगवां के किसान मन्नू आत्मज बघोलन का रकबा ऑनलाइन में शून्य दिख रहा है। वहीं कटगोड़ी के किसान शंकर आत्मज ददई का वास्तविक रकबा 1.3400 हे. एवं 2.2800 हे. होने के बावजूद ऑनलाइन मात्र 25 क्विंटल विक्रय क्षमता के साथ दर्ज किया गया है, जबकि पात्रता लगभग 76 क्विंटल की होनी चाहिए। इस गड़बड़ी से किसान काफी परेशान हैं और अपनी मेहनत की फसल बेचने से पहले रकबा सुधरवाने में दिन-रात प्रयास कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि रकबा सुधार को लेकर तहसील एवं पटवारी हल्का स्तर पर उचित एवं सुरक्षित व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि धान खरीदी केन्द्रों में उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो और वे अपने वास्तविक रकबे के अनुसार धान का विक्रय कर सकें। इस संबंध में विशाल सिंह हल्का पटवारी केसगवां ने बताया कि सॉफ्टवेयर में तकनीकी दिक्कत के कारण ऐसा हो रहा है। किसानों से आवेदन लेकर ऑनलाइन रकबा सुधार का कार्य लगातार किया जा रहा है।

### अकलासरई उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी



जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो चुका है। इसी कड़ी में 19 नवंबर को सोनहत ब्लॉक के अकलासरई धान उपार्जन केन्द्र में 19 नवंबर को धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सहकारी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार जायसवाल, ग्राम पंचायत अकलासरई की सरपंच श्रीमती बसंती बाई, जिला नोडल अधिकारी, खरीदी प्रभारी तथा सहायक धान खरीदी प्रभारी उपस्थित रहे। शुभारंभ के अवसर पर किसानों ने उत्साहपूर्वक धान विक्रय किया। ग्राम अकलासरई के कृषक बसंत सिंह द्वारा 23.20 क्विंटल तथा ग्राम किशोरी के कृषक अमर साय द्वारा 8.80 क्विंटल धान की सफलतापूर्वक बिक्री की गई।



# अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सात वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शासन के निर्देश पर खनिज अधिकारी भूषण कुमार पटेल तथा खनिज अमले द्वारा 11 से 19 नवंबर तक बैकुंठपुर एवं पटना तहसील क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान बिना पारपत्र खनिजों का अवैध परिवहन करते हुए 7 वाहनों को मौके पर जब्त किया गया।

सभी वाहनों को समीपस्थ थाना पटना एवं चरचा थाना में अभिरक्षा के लिए रखा गया है। जानकारी के अनुसार जब्त वाहन सीजी 30 टी सीजी 1913 (जेसीबी व ट्रैक्टर) वाहन मालिक मोहम्मद तारिक, चालक राकेश, मुरुम, अवैध उत्खनन, सीजी 16 एमएम 9971 (मिनी ट्रक) वाहन मालिक मनोज कुशवाहा, चालक नाधिर द्वारा अवैध रेत परिवहन, सीजी 16 बीसी 7721 (मिनी ट्रक), वाहन मालिक, दयानंद कुर्रे, वाहन चालक संजय सिंह, अवैध गिट्टी, परिवहन, सीजी 16 बीडी 1207 (मिनी ट्रक) वाहन मालिक, मुकेश कुमार साहू, वाहन चालक प्रेमचंद द्वारा अवैध गिट्टी परिवहन, सीजी 29 जे 3301 (जेसीबी) वाहन मालिक काशी साहू, वाहन चालक राजकुमार, द्वारा अवैध खनिज मिट्टी उत्खनन, सीजी 16 बीडी 0817 (जेसीबी), वाहन मालिक रामकृपाल साहू, वाहन चालक विनोद, खनिज मिट्टी, अवैध उत्खनन, सीजी 16 बीसी 0478 (स्वराज ट्रैक्टर), वाहन मालिक दीपक कुमार, वाहन चालक राकेश पांडे, अवैध रेत, परिवहन करते पकड़ा गया। उक्त वाहन मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के नियम 21 से 23(ख) के अंतर्गत अर्थदंड की राशि खनिज मद में जमा कराई जाएगी। खनिज अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भंडारणकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## राहुल गांधी पर अपमानजनक टिप्पणी, शिक्षक पर कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियों ने जिले का राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है।

इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तुरंत विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि जिला कांग्रेस कमेटी ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों व सामाजिक सौहार्द्र के खिलाफ बताते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा था कि फेसबुक पर राहुल गांधी के खिलाफ लगातार झूठी, भ्रामक और अमर्यादित टिप्पणियां की जा रही हैं। श्री श्रीवास्तव का आरोप था कि ये पोस्टें राजनीतिक मयार्दा का उल्लंघन करने के साथ-साथ समाज में नफरत और वैमनस्य फैलाने का सुनियोजित प्रयास हैं। विशेष रूप से माध्यमिक शाला बरहोरी के सहायक शिक्षक प्रदीप कुमार मिश्र द्वारा फेसबुक पर राहुल गांधी के लिए अत्यंत अपमानजनक भाषा का उपयोग किया गया, जो छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरुद्ध है। इसी तरह नीलेश मिश्रा, जो स्वयं को भाजपा समर्थक बताते हैं, पर भी सोशल मीडिया के माध्यम से झूठा और भड़काऊ प्रचार प्रसारित कर समाज में तनाव फैलाने का आरोप लगाया गया। शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। शिक्षक प्रदीप कुमार मिश्र से स्पष्टीकरण मांगा गया, परंतु उनका उत्तर असंतोषजनक पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत विभागीय कार्रवाई करते हुए उनकी एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 25 तक

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय रोजगार सेवा छग जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत, थल सेना भर्ती कार्यालय रायपुर, द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण जिसके अंतर्गत 1.6 किमी दौड़, बीम पुल-अप, 9 फीट गड्ढा कूदना सहित अन्य शारीरिक दक्षता गतिविधियों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभाग के अनुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर स्थान कलेक्ट्रेट परिसर जिला पंचायत के बगल में 25 नवंबर तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराएं।

# विदेशी नागरिकों की जांच कर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

**एसपी को विहिप ने सौंपा ज्ञापन**

विश्व हिंदू परिषद कोरिया द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर जिले एवं प्रदेश में संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान और जांच की मांग की गई है।

संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कुछ अन्य राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान विदेशी नागरिकों के इधर-उधर स्थानांतरित होने की जानकारी सामने आई है, इसलिए जिले में भी सतर्कता बढ़ाई जाए। जिला संयोजक जय कुमार चक्रधारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति बिना वैध दस्तावेजों के जिले में निवास करता पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे लोगों को सहयोग करने वालों की भी जांच कर उचित दंडात्मक कदम उठाए जाएं। ज्ञापन में यह उल्लेख है कि कई स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों के पास अन्य राज्यों के दस्तावेज मिलने की जानकारी सामने आती रहती है, जिनकी सत्यता जांच में असफल हो जाती है। ऐसे मामलों में यह पता लगाना आवश्यक है कि फर्जी दस्तावेज कहां तैयार हो रहे हैं। संगठन का कहना है कि पुलिस विभाग को सतर्क रहकर ऐसे मामलों की जांच करनी चाहिए, जिससे जिले की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

### थाना प्रभारी ने गुंडा निगरानी बदमाशों की कराई परेड

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर सिटी कोतवाली में नव पदस्थ थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने 19 नवंबर को क्षेत्र के गुंडा, निगरानी एवं माफी बदमाशों को थाना में तलब कर उनकी परेड ली। उन्होंने सभी



बदमाशों को अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी तथा नियमित रूप से थाना में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों की निरंतर चेकिंग की जाएगी और किसी भी प्रकार की आपराधिक हरकत या गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर तुरंत कठोर कार्रवाई होगी। इसी क्रम में पुलिस द्वारा चनवारीडांड में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट, नियम उल्लंघन और अधूरे दस्तावेजों के मामलों में कार्रवाई करते हुए लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

## छात्रों ने किया पुलिस थाने का भ्रमण

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल के कक्षा यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने पुलिस कोतवाली मनेन्द्रगढ़ का भ्रमण किया।



इस दौरान थाना प्रभारी दीपेश सैनी एवं उप निरीक्षक अभिषेक पांडे, हेड कांस्टेबल रवि शर्मा, राजकुमार सेन, राकेश शर्मा, प्रिंस राय, नवीन दत्त तिवारी, पुष्कल सिन्हा सहित समस्त कोतवाली स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान कोतवाली परिसर में छात्र-छात्राओं को शस्त्रागार बंदिग्रह विवेचना कक्षा कंप्यूटर कक्ष सहित संपूर्ण कोतवाली परिसर का भ्रमण कराया गया साथ ही समस्त जानकारी विस्तार से बताई गई। थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने समस्त छात्र-छात्राओं को अपने ऑफिस में बुलाकर चॉकलेट का वितरण किया एवं बच्चों को संदेश दिया कि पुलिस हमारे मित्र है। हमें पुलिस से डरना नहीं चाहिए। हमें किसी भी अनजान व्यक्ति से कोई भी समान नहीं लेना चाहिए। एवं किसी भी प्रकार के लालच में नहीं आना चाहिए। कोतवाली भ्रमण के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाएं श्रीमती राशि गुप्ता, वैष्णवी जायसवाल, आरिका खान, बी साइ प्रीति, फरहीन बानो उपस्थित रही।

### पोंड़ी-बचरा में शराब तस्कर गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन की आबकारी सचिव श्रीमती आर. संगीता और कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी द्वारा अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी पर सख्ती से कार्रवाई करने आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार के मार्गदर्शन में प्राप्त सूचना के आधार पर मध्यप्रदेश से शराब तस्करी पर कार्रवाई की गई। पोड़ी बचरा क्षेत्र के ग्राम गेजी चौकी पोड़ी, थाना बैकुंठपुर निवासी श्रीमती सनमेत पितांबर राजवाड़े के द्वारा बिक्री किए जाने की मुखबीर से सूचना मिलने पर त्वरित छापामारी की गई, मौके पर श्रीमती सनमेत रजवार के घर से 33 पाव गोवा व्हिस्की बरामद कर कुल 5.94 लीटर मदिरा प्राप्त हुआ, जिसकी छग में कीमत 3960 रूपए है, जिसे तस्करी कर 6600 रूपए में बिक्री किया जा रहा था। छ.ग.आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) एवं 59 क के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को बैकुंठपुर सीजेएम कोर्ट से न्यायिक रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया। न्यायाधीश द्वारा आरोपी को 14 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश दिया गया। धारा 34 (2) के तहत न्यायालय में विधिवत सुनवाई उपरांत दोष सिद्ध पाए जाने पर 1 से 3 वर्ष तक जेल और 25 हजार से एक लाख रूपए तक जुमार्ना भी लगाया जाता है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा, मुख्य आरक्षक बबुआ राम, किशुन राम, आरक्षक नरेन्द्र, हेमंत राजवाड़े और नगर सैनिक रोमा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विद्यार्थियों से सीधे रुबरु हुई कहा- नए सत्र में भी मैरिट में आएं विद्यार्थी

# सुंदरपुर में बालमेले का आयोजन, पहुंची कलेक्टर



आनंद मेले में छात्राओं के साथ कलेक्टर।



पौधरोपण करती कलेक्टर।

**बैकुण्ठपुर।** विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों से छात्रों का सर्वांगीण विकास विकास होता है।

उक्त उद्बोधन कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत दुरस्थ ग्राम सुंदरपुर स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय परिसर में 19 नवंबर को स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित आनंद मेला के शुभारंभ अवसर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उक्त विद्यालय परिसर में आयोजित बाल मेले का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कलेक्टर ने स्वयं बनाया चाट

हायर सेकेंडरी स्कूल संदरपुर प्रांगण में आयोजित विशाल बाल मेला के अवलोकन के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने चॉट के स्टाल पर स्वयं चाट बनाने जुट गई और उन्होंने चाट का स्वाद चखा साथ ही अन्य व्यंजनों का भी लुत्फ उठाते हुए एक-एक स्टाल का अवलोकन कर विद्यार्थियों का हौसला अफजाई की। इस कार्यक्रम क शुभारंभ करने कलेक्टर अपने तय समय पर विद्यालय परिसर पहुंच गई थी।

### एक पेड मॉ के नाम पौधरोपण

हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर परिसर में आयोजित बाल मेला का शुभारंभ करने के बाद कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जहां बाल मेले में लगे स्टाल का अवलोकन करने के साथ व्यंजनों का स्वाद चखा और विद्यार्थियों के हौसले को बढ़ाया, वहीं परिसर में लगे फूल पौधों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने एक पेड मॉ के नाम विद्यालय परिसर में नारियल का पौधा का रोपण किया।

### पकोडे से लेकर कटलेट व अन्य व्यंजन

हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर सुंदरपुर में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह के व्यंजन स्वयं तैयार कर स्टाल लगाए गए थे,इनमें पकोड़े, मुंगोड़ी, समोसा,ब्रेड चॉप,ईडली, चाट, झालमुरी जैसे व्यंजन स्वयं तैयार कर स्टाल में लगाया था।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style



# सारा
## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर संसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्‌र्स' में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉड्‌र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्‌र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

### इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह




### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।

### दीपिका



दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका



भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।

### प्रीति



1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।

### अनुष्का



शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी



आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले को दर्शक पहचान लेते हैं।

## खबर संक्षेप




### जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 1.0 अंतर्गत जिले को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दी गई 25 लाख रूपये की पुरस्कार राशि

**सूरजपुर।** नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आज आयोजित छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार व जल संचय जनभागीदारी पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू व मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार सीआर पाटिल द्वारा जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 1.0 के अंतर्गत सूरजपुर जिले को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 25 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 1.0 जल संचय संरचना निर्माण तथा उनका डाटा बेस तैयार करने हेतु एक सफल अभियान है, जिसके अंतर्गत जिले के पूर्वी क्षेत्र की केटेगरी तीन में बारहवां रैंक हासिल किया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के नेतृत्व व जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की गई है। पुरस्कार जिले से जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अरुण कुमार मिश्रा द्वारा ग्रहण किया गया।

### नेशनल गेम में जिले में संचालित पीएम श्री एकलव्य विद्यालयों के छात्रों का रहा दबदबा




**सूरजपुर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर, ओड़गी. प्रतापपुर एवं प्रेमनगर के छात्रों ने ओडिशा के सुंदरगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा सनिति द्वारा आयोजित चौथी राष्ट्रीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 गोल्ड 7 सिल्वर 9 ब्रॉन्ज हासिल किया। 11 से 15 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 7 हजार छात्रो ने भाग लिया। जिसमें जिले के एकलव्य विद्यालयों से 51 छात्रों ने भाग लिया। जिले के 10 छात्र एकलव्य शिवप्रसादनगर से विवेक, उमेश, अखिलेस, उमेश सिंह, एकलव्य ओडगी से सुमित्रा सिंह, अमन सिंह, एकलव्य प्रतापपुर से प्रवीण पैकरा, भारत पैकरा तथा एकलव्य प्रेमनगर से ईशिका सिंह, शिवकुमारी ने गोल्ड प्राप्त किया। 7 छात्र एकलव्य शिवप्रसादनगर से देवप्रसाद, एकलव्य प्रतापपुर से राजेन्द्र तथा एकलव्य प्रेमनगर से प्रियांशी सिंह, आनंदी सिंह, अनिलाषा पैकरा, कृति सिंह सोनिया सिंह ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी कड़ी में 9 छात्र एकलव्य शिवप्रसादनगर से अभिमन्यु, संजु आर्यन एवं अजय, एकलव्य प्रतापपुर से आरती, सोनिया, मुस्कान तथा एकलव्य प्रेमनगर से प्रभा पण्डो, बृहस्पतिया सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश रनर-अप रहा। खेल समापन समारोह के दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने छत्तीसगढ़ दल को ट्रॉफी प्रदान की। इस उपलब्धि पर कलेक्टर एस जयवर्धन एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास घनश्याम सिंह एवं संस्था के प्राचार्यों, शिक्षकों ने पूरी टीम की उज्वल भविष्य की कामना की।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए युवक की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। कोरिया अंतर्गत खड़गवां निवासी राज बहादुर सिंह (38 वर्ष) गत दिन अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मानी चौक से पोड़ी रोड तक सड़क के दोनों ओर वाहनों का कब्जा

# मानी मार्ग पर आए दिन दुर्घटना होने से नाराज बजरंग दल सहित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम


प्रदर्शन करते क्षेत्र के लोग।


दुर्घटना में मृत मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

मानीचौक से पोड़ी रोड तक की सड़क के दोनों ओर वाहनों के कब्जा जमा लेने से अब क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आलम यह है कि सड़क की दोनों ओर खड़े वाहनों की कतार से न सिर्फ राहगीरों को आवागमन करने में दिक्कत होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीती रात भी वाहन की चपेट आने से एक मवेशी की मौत हो गई। इधर आए दिन हो रही दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने आंशिक रूप से मार्ग पर चक्का जाम कर दिया हालांकि कुछ घंटे बाद पुलिस की समझाइश के बाद चक्का जाम समाप्त कर दिया गया। लोगों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने तथा तेज रफतार वाहनों पर अंकुश लगाने ब्रेकर की मांग की।

**खास बात**

■ सड़क किनारे कतार में खड़े ट्रकों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के ग्रायत्री, केतकी व आमगांव खदान में ट्रांसपोर्टरों के बड़ी संख्या में ट्रेलर, ट्रक व हाइवा कोयला लोड करने में लगे है। ऐसे में अधिक ट्रिप लगाने में चालकों के बीच प्रतिस्पर्धा लगी रहती है जिससे ट्रांसपोर्ट संचालक अपनी वाहनों को मानी चौक से लेकर पोड़ी रोड तक सड़क किनारे खड़ा कर देते है। मानीचौक से पोड़ी रोड के सड़क दोनों ओर ट्रांसपोर्टरों का कब्जा जमा लिया है जो सड़क के दोनों ओर ट्रकों को खड़ा करके बिल्टी, पेपर के नाम पर रात दिन खड़ा करके रखे रहते है जिसके हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि इनके लिए पार्किंग नहीं है लेकिन पार्किंग में खड़ा न कर सड़क किनारे वाहनों को खड़ा कर घूमते रहते है। सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के संबंध में पूर्व में भी यातायात प्रभारी से शिकायत किया गया परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से चालक समेत ट्रांसपोर्ट संचालकों के हौसले बुलंद है। बीती रात एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। इधर मार्ग में आए दिन दुर्घटनाएं होने से बजरंग दल के कार्यकर्ता सहित क्षेत्र के लोग न सिर्फ आक्रोशित हुए बल्कि चक्का जाम कर दिया। इधर चक्का जाम की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी जिसके बाद लोगों ने लगभग तीन घंटे बाद चक्का जाम समाप्त किया।

### आए दिन होती है दुर्घटना

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री, केतकी, आमगांव में लगे कोयला वाहन अपनी स्पीड पर काबू नहीं रखते जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। बीती रात भी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मवेशी की मौत हो गई। इससे पूर्व भी कोयला लोड एक ट्रक के चालक ने दूसरे ट्रक को सामने से टक्कर दी थी जिससे चालक घायल हो गया था। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होती रहती है।

### लोगों ने की ब्रेकर बनाने की मांग

मार्ग में बड़ी संख्या में भारी वाहन आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की दोनों तरफ ट्रकों के खड़ा होने से न सिर्फ सड़क संकरी हो जाती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीती रात चक्का जाम कर रहे लोगों ने मार्ग से तेज रफ्तार में आने जाने वाले वाहनों पर अंकुश लगाने मार्ग पर ब्रेकर बनाने तथा सड़क किनारे खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने की मांग की है।

### तत्काल बनाएं मिट्टी का ब्रेकर

तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने तत्काल मिट्टी का ब्रेकर बनाया जाएगा। पक्का ब्रेकर के लिए एक सप्ताह का समय लग सकता है।

-जेडी सिंह, गायत्री खान प्रबंधक

## कॉलोनी क्षेत्र में भारी वाहनों से कोयला परिवहन पर रोक लगाने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर कॉलोनी के शांत माहौल में पिछले कई महीनों से ओवरलोड कोयला ढोने वाले भारी-भरकम ट्रिपर और ट्रेलर के आवागमन से लोगों को परेशानी हो रही है, इसी गंभीर समस्या को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र ही कॉलोनी क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही रोकते हुए नो-एंट्री एरिया करने की मांग की है।

■ स्कूल टाइम पर कॉलोनी रूट में नो एंट्री एरिया करने की रखी गई मांग

एनएसयूआई द्वारा कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि एसईसीएल की आमगांव, केतकी, रेहर और गायत्री खदानों से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रिपर और ट्रेलर ओवरलोड कोयला लेकर एसईसीएल कॉलोनी के मुख्य मार्ग से गुजरते हैं,यह सड़क सिर्फ एक रास्ता नहीं,बल्कि हजारों लोगों की रोजमर्रा की धड़कन है,दिनभर घरों के सामने से गुजरते इन विशाल वाहनों की गड़गड़ाहट और धूल हवा को प्रदूषित करती है और दुर्घटना का खतरा हमेशा सिर पर मंडराता रहता है,कॉलोनी के इसी एकमात्र मुख्य मार्ग पर कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, आत्मानंद स्कूल, सरकारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल,स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थान में प्रतिदिन छोटे बड़े स्कूली बच्चों व अभिभावकों को आवागमन करना पड़ता है,स्कूल खुलने और छुट्टी के समय यह सड़क बच्चों से भरी होती है और उसी दौरान ओवरलोड कोयला वाहनों की तेज रफ्तार हर परिवार को डर में जीना पड़ रहा है,सड़क पर धूल की इतनी परत जम जाती है कि घरों की बालकनी तक काली राख बिछ जाती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले वर्ष इन्हीं ओवरलोड ट्रेलर, ट्रिपर वाहनों की वजह से एसईसीएल कॉलोनी में 3–4 युवकों की दर्दनाक मौत हो चुकी है।एनएसयूआई प्रदेश सचिव ने कलेक्टर से मांग की है कि स्कूलों के समय पर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, एसईसीएल कॉलोनी मार्ग से ओवरलोड ट्रिपर ट्रेलर का प्रवेश तत्काल बंद किया जाए, वैकल्पिक मार्ग का उपयोग अनिवार्य किया जाए,सड़कों की मरम्मत और धूल नियंत्रण के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।



## सांसद चिंतामणि ने सेजेस ब्रम्हपारा में छात्राओं को वितरण किया साइकिल

**अम्बिकापुर।** सेजेस ब्रम्हपारा में मंगलवार को सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत विद्यालय के 9वीं कक्षा की 16 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रवेश द्वार पर सांसद को परम्परा अनुसार माथे पर तिलक लगा कर, पुष्प वर्षा एवं आरती द्वारा स्वागत किया। मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य द्वारा सांसद, पार्षद राहुल त्रिपाठी,एसएमडीसी अध्यक्ष उमेश अग्रवाल व एसएमडीसी उपाध्यक्ष किंजलक किशोर पाण्डेय का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सांसद चिंतामणि महाराज ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के साथ संस्कारों पर ध्यान देने हेतु विशेष जोर दिया, समाज में आने वाली तमाम विकृतियों की वजह संस्कारों में कमी को भी बताया व उनके द्वारा शिक्षक व पालक द्वारा संस्कारों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस बीच सांसद के प्रथम आगमन पर विद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया व संस्था के मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आग्रह किया गया जिसमें क्रीडांगन हेतु स्थल आबंटन, शेड निर्माण, साइकिल स्टैंड निर्माण के साथ ही साथ संस्था में वाटर कूलर, एसी, फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर, स्मार्ट बोर्ड इत्यादि सामग्रियों की मांग की गई। इस दौरान संस्था में प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी सिंह सहित स्टाफ के सदस्य व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। सांसद द्वारा संस्था के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया

## महप्रबंधक कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ,कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति के सभी सदस्य, सभी विभागाध्यक्ष कर्मचारी एवं श्रमिक साथीउपस्थित रहे।

■ भ्रष्टाचार से लड़ने की दिलाई गई शपथ

18 अगस्त से 17 नवम्बर 2025 तक चले तीन महीने के इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम जैसे डीएवी विद्यालय के बच्चों के द्वारा हिन्दी वाद विवाद,प्रश्नोत्तरी एवं नुक्कड़ नाटक तथा विभागीय कर्मचारियों द्वारा एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर सतर्कता जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही सामान खरीदी प्रक्रिया एवं विभागीय जाँच प्रक्रियाओं पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। नोडल अधिकारी केएल भील ने समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में भ्रष्टाचार को जड़ से ख़त्म करने के लिए समाज, सरकार एवं सभी नागरिकों को मिलकर काम करने का आव्हान किया। जिससे देश के विकास में उत्तरोत्तर प्रगति होती रहे। पुरस्कार वितरण क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक संचालन ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सीएमओआई के क्षेत्रीय सचिव अमरेंदर नारायण ने किया।



### कार्यक्रम में गिनती के अधिकारी और डीएवी के बच्चे ही रहे उपस्थित

महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन कार्यक्रम में महज औपचारिकता दिखी, अब इसे प्रचार प्रसार का अभाव कहा जाये या नाममात्र हाजिरी के लिए प्रबंधन की आयोजन के प्रति दिखती बेरुखी। मंगलवार की सुबह आयोजन स्थल पर लगी अधिकतर कुर्सियां खाली दिखी। क्षेत्र के सिर्फ पांच से छह गिने चुने अधिकारी और डीएवी स्कुल के दर्जन भर बच्चे ही इस आयोजन में उपस्थित रहे, जिन्हें भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की महाप्रबंधक ने शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम क्षेत्र में कब शुरू हुआ और कब समापन इसकी भनक कई क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों तक को भी नहीं लग पाई, ऐसे में प्रबंधन की सतर्कता अभियान के प्रति गंभीरता के रुख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### खड़ी बस से टकराई बाइक, ग्रामीण गंभीर

**सोनगरा।** बहन के घर से लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बंशीपुर निवासी राजमल सिंह बाइक से अपनी बहन के यहां गया था। बहन के ससुराल तुलसी गांव से मंगलवार की सुबह घर लौट रह था। जैसे ही बाइक सवार सोनगरा सोसायटी के समीप पहुंचा तभी राजमल अपनी बाइक से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बाइक पास खड़ी एक बस से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख सोनगरा के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल घायल सोनगरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## शहर में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता कांग्रेस टीम रखेगी पैनी नजर

**अंबिकापुर।** शहर में चल रहे डामरीकरण सहित अन्य निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की निगरानी के लिए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस बाल कृष्ण पाठक ने निगरानी दल का गठन किया है। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में 10 निगरानी दलें गुणवत्ता का जायजा लेंगी। बता दें कि हाल ही में निगम द्वारा नेहरू वार्ड एवं सत्तीपारा वार्ड में बनाये जा रहे सड़क की घटिया गुणवत्ता का मामला सामने आने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर निगरानी दलों का गठन किया गया है। इस दल को ननि, पीडब्ल्यूडी सहित राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा शहर के दायरे में कराए जा रहे सभी कार्यों में गुणवत्ता पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर में गठित किए गए 10 निगरानी और निरीक्षण दल की सूची इन सभी विभागों को औपचारिक तौर पर दे दी है। सत्तीपारा क्षेत्र में घटिया सड़क निर्माण का मामला सामने आने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा है कि सड़कों का निर्माण आम जनता द्वारा अदा किए गए कर से उनकी सुविधा के लिए हो रहा है। ऐसे में अगर खराब माल से सड़कों का निर्माण हो रहा है तो इसके लिये जवाबदेह लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिये। इस घटिया सड़क को बनाने वाले ठेकेदार को तुरंत ब्लैकलिस्ट करना चाहिये। आमजन के पैसे से बनने वाली सड़क की गुणवत्ता अगर निगम सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही उन्होंने अम्बिकापुर शहर की खराब सड़कों के सुधार में हो रहे विलंब को लेकर यह कहा कि राष्ट्रपति महोदया का अंबिकापुर आगमन हो रहा है, इसे देखकर मात्र उन सड़कों का सुधार हो रहा है जहां से वे गुजरेंगी। वे देश की प्रथम नागरिक हैं। उनके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं होना चाहिए लेकिन साथ ही नागरिकों के मान-सम्मान में भी कमी नहीं होना चाहिये। मौसम खुल गया है, ऐसे में एक जगह निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकता है तो नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सभी जगहों पर कार्य करने की प्राथमिकता होनी चाहिये। निर्माण कार्यो के गुणवत्ता के गठित इन निगरानी दलों के अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की ने कहा है कि हमारा उद्देश्य पब्लिक मनी से हो रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने में संबंधित विभागों का सहयोग करने का है। निर्माणकार्य में संबंधित लोगों के गठबंधन के कारण प्रभावित होने वाली गुणवत्ता पर हम निगरानी रखेंगे।

■ पूर्व डिप्टी सीएम के निर्देश पर 10 निगरानी दलों का गठन





## बोर्ड परीक्षाओं में अपेक्षित गुणात्मक सुधार हेतु जिला स्तरीय बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में सूरजपुर जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों सह संकुल प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम में गुणात्मक रूप से अपेक्षित सुधार हेतु बेहतर कार्य योजना बनाकर लागू करने के निर्देश दिए गए,जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना है,बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने हेतु शिक्षण-अधिगम की वर्तमान स्थिति,विषयवार उपलब्धियां तथा सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा कर शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण पद्धतियों,नियमित मूल्यांकन, कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त सहायता कक्षाओं तथा तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए,डीपीओ मनोज कुमार साहू ने छात्रों के शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु नियमित पेरेंटिंग एवं प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने का आग्रह कर कक्षावार अधिभार की जानकारी देते हुए छमाही परीक्षा परिणाम पर विशेष ध्यान देने को कहा।विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि बोर्ड पैटर्न पर आधारित प्रश्न बैंक के अनुसार बच्चों की नियमित तैयारी कराकर उसकी सतत जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के लिए घर में अध्ययन हेतु समय सारणी बनाई जाए और उसकी नियमित समीक्षा भी की जाए। बैठक में उपस्थित डीपीओ मोहनलाल साहू ने उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत 7 दिसंबर को होने वाले महा परीक्षा के संबंध में चर्चा कर अधिक से अधिक असाक्षरों का चिन्ह्यांकन कर उन्हें इस महा परीक्षा में सम्मिलित करने का आग्रह किया। बैठक में सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीपीओ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य पीसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन सूरजपुर बीईओ हरेंद्र कुमार सिंह ने किया।

## तीन दिन में दिव्यांगों को लगे पैर व हाथ

# मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, 76 को लगे हाथ-पांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति झारखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन संस्कृति शाखा द्वारा किया गया। जिसमें पैर, हाथ के साथ कैलिपर्स, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन का वितरण मंच की ओर किया गया।

14 नवम्बर को प्रारंभ हुए शिविर में लगभग 100 से ऊपर दिव्यांगों का पंजीयन किया गया, जिसमें 63 को पैर, 13 को हाथ तथा 5 को कैलिपर्स लगाए गए। मंच के अध्यक्ष सुमित मित्तल व शिविर के संयोजक विकास जैन ने बताया कि स्थानीय अग्रोहा भवन में आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से संस्था के सदस्यों ने दिव्यांगों का पंजीयन कर उनके पैर व हाथों का माप लिया और स्थल पर ही जयपुर फूट बनाकर प्रदान किए गए। जिसमें जिले के साथ कोरिया, सरगुजा, जशपुर व बलरामपुर जिले के दिव्यांग शिविर का सीधा लाभ लिया। शिविर को सफल बनाने में मंच के सुनील अग्रवाल, मुकेश गर्ग, अंकुर गर्ग, स्वयं गोयल, गौरिश जिंदल, संस्कार अग्रवाल, यश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल सहित संस्कृति शाखा की प्रज्ञा अग्रवाल, लहर मित्तल सहित दोनों शाखाओं के सदस्य सक्रिय थे। नगर के मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एसआरपीआर के संचालक राहुल अग्रवाल व हॉस्पिटल की टीम सक्रिय रहे। मारवाड़ी युवा मंच के लोगों ने कहा कि हाथ व पैरों के लिए वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और बाहर जा पाने में असमर्थ हैं तथा कई-कई वर्षों से राह देख रहे थे। जब उन्हें शिविर की जानकारी मिली तो वे शिविर में पहुंचकर निःशुल्क पैर व हाथ का माप देकर वहीं पर बनने की प्रक्रिया देखी और शरीर के उक्त अंग को प्राप्त करने के बाद कई के आंखों से भी खुशी के आंसू थे। अनेक दिव्यांग व उनके परिजनों ने मंच के इस जनसेवी कार्य की सराहना की।



### बैसाखी व दूसरे के सहारे आए लोग खुद चलकर गए

शिविर के दौरान पहले दिन का आलम यह था कि दिव्यांग या तो बैसाखी के सहारे आए थे या फिर उनके परिजन उन्हें ढोकर लाए थे और जब उनके पैरों का माप हुआ और चलकर बिना किसी सहारे के गए तो उनका आत्मविश्वास भी देखते ही बनता था। अनेक दिव्यांग ने तो दो दिन तक उनको लगे पैरों पर स्थल में ही चलकर अपने आपको मजबूत भी किया व बिना बैसाखी व बिना सहारे के सड़क पर भी जाकर चहल कदमी की।

## खबर संक्षेप

### बच्चों के रचनात्मकता कार्य बनें आकर्षण का केन्द्र



**चरचा कॉलरी।** बाल दिवस के अवसर पर स्वर्गीय पंडित अयोध्या पाण्डेय स्मृति शिक्षण समिति द्वारा संचालित आक्सफोर्ड पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका शिवपुर-चरचा वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद पूनम राकेश शर्मा रहीं। स्कूल संचालक कुंडल पाण्डेय भी मंचासीन रहे। अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों की प्रतिभा, कल्पनाशक्ति, संस्कार और संवेदनशीलता को पहचानने का अवसर है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग नृत्य, समूह प्रस्तुति और देशभक्ति गीतों से सभी का मन मोह लिया। उत्सव का विशेष आकर्षण फूड फेस्टिवल रहा। इसमें कक्षा पहली से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने घर पर बनाए गए व्यंजनों की स्टॉल लगाई। बच्चों द्वारा तैयार मोमोज, जलेबी, आलू गूंडा, चाट-फुल्की, मैगी, ब्रेड पकोड़ा, चौमिन आदि ने सभी को आकर्षित किया। अभिभावकों ने बच्चों की पाक-कला, आत्मविश्वास और रचनात्मकता की सराहना की।

### रेलवे भूमि हस्तांतरण में हो रही देरी पर पीएम को भेजा पत्र



**मनेन्द्रगढ़।** रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य एवं अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल द्वारा मनेन्द्रगढ़-नागपुर होटल के समीप स्थित रेलवे की परित्यक्त भूमि के हस्तांतरण में लगातार हो रही देरी को लेकर उच्च स्तरीय हस्तक्षेप की मांग की गई है। इस संबंध में उन्होंने 18 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री अमित शाह और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को विस्तृत पत्र प्रेषित किया है। श्री पटेल ने अपने पत्र में बताया कि वर्ष 2018 में रेलवे की लगभग 241.50 वर्गफुट भूमि को भू-माफिया एवं अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया था, तब से लेकर अब तक रेलवे द्वारा इस भूमि के स्थायी हस्तांतरण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए बार-बार आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि 9 मई और 27 अगस्त को उनके आवेदनों पर रेलवे प्रशासन द्वारा अंतिम नोटिस तक जारी किए जा चुके हैं, किंतु उसके बावजूद भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। श्री पटेल ने बताया कि रेलवे द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज, अभिलेख, प्रतिवेदन और आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध करा दी गई है, फिर भी संबंधित विभागों द्वारा कोई अंतिम कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके कारण न केवल स्थानीय नागरिक परेशान हैं, बल्कि प्रस्तावित जनसुविधा केन्द्र और विकास कार्य भी अधर में लटके हुए हैं। उन्होंने कहा कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित रहने से जनता के हित के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों को पार्किंग, यात्री सुविधाओं, शेल्टर निर्माण और सार्वजनिक उपयोग के कार्यों के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है और रेलवे-नागपुर होटल के पास स्थित यह परित्यक्त भूमि इन आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। श्री पटेल ने प्रधानमंत्री और रेलमंत्री से अपील करते हुए कहा कि वे संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें, ताकि परित्यक्त भूमि का हस्तांतरण शीघ्रता से पूर्ण हो सके और मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में रेलवे से जुड़े विकास कार्यों को गति मिल सके।

### कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता तथा छग महतारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया

# नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

नशा मुक्त भारत के निर्माण की थीम पर आधारित राष्टीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर के द्वारा ग्राम पंचायत डोम्हरा में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत डोम्हरा के सरपंच राकेश सिंह कंवर एवं कार्यक्रम अधिकारी परमानंद द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद, भारत माता तथा छग महतारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी परमानंद ने स्वयंसेवकों को सात दिनों तक आयोजित होने वाली गतिविधियों जनजागरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास सभाएं आदि की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्टभावना, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना है। मुख्य वक्ता के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर सचिदानंद साहू उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्टीय सेवा योजना के महत्व, उससे प्राप्त होने वाले अनुभव एवं जीवन कौशल पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार करते हैं, जिन्हें अपनाकर युवा अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर जीवन में अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के गुण विकसित करने का अवसर देता है। उन्होंने अपने पूर्व शिविरों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह शिविर विशेष रूप से यादगार और सार्थक साबित होगा। कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोम्हरा के प्राचार्य रामकृपाल सिंह, पंचायत सचिव डोम्हरा तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा, डॉ. विनीत कुमार पाण्डेय, आशुतोष वर्मा, अजय कुमार साहू, शमीम खान, बालेन्दु सिंह, नितीश कुमार साहू, हिमांशु गुप्ता, मनोज कुमार यादव, अजय जोगी, अमन सिंह, चंद्रप्रताप सिंह, कौशर अली, नीरज यादव, प्रीतम बैगा, महेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, दिलीप सिंह, विद्या सागर सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## भरतपुर जनपद में नशा-मुक्त जनजागरूकता रैली

**मनेन्द्रगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद पंचायत भरतपुर द्वारा मंगलवार को नगर पंचायत जनकपुर में व्यापक जनजागरूकता रैली एवं जागरूकता समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जनकपुर बस स्टैंड क्षेत्र से किया गया। इसमें काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याओं, पंचायत कर्मियों, विद्यार्थियों तथा ग्रामीणजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराती आगे बढ़ी। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने शराब, तंबाकू, गांजा समेत अन्य मादक पदार्थों से होने वाले शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक नुकसान की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। जगह-जगह पोस्टर, बैनर और प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति की दिशा में कदम बढ़ाने का संदेश दिया गया। नागरिकों को नशा मुक्त भारत की प्रेरणादायक शपथ भी दिलाई गई। इसमें उपस्थित लोगों ने मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य ने कहा कि नशा समाज और परिवार की जड़ों को कमजोर करता है, इसलिए ऐसी जनजागरूकता गतिविधियां समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता हैं।




## नशे के विरूद्ध जागरूकता के लिए खेल प्रतियोगिता



**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह जिला एमसीबी के निर्देशानुसार जिले में पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति के लिए लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तारतम्य में कार्यक्रम के तहत पुलिस चौकी खोंगापानी द्वारा यमुना प्रसाद शास्त्री स्कूल ग्राउंड में स्थानीय बालकों के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी मनेद्रगढ़ अलेक्सियुस टोप्पो, चौकी प्रभारी खोंगापानी, खोंगापानी के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं करीब 200 की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं आम जनता भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के समापन की बेला में पुलिस अधीक्षक के द्वारा उपस्थित बालकों एवं आम नागरिकों को खेल के प्रति उत्साहित करते हुए खेल का महत्व बताया साथ ही नशा के कुप्रभाव की जानकारी देते हुए उन्हें नशे से दूर रहने की अपील कर बताया गया कि आसपास में नशा का सामान बेचने वालो की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि नशा के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म कर सके।

# शीतलहर से बचाव के लिए जरुरी कदम उठाएं जाए

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

जिले में तापमान में तेजी से गिरावट और शीतलहर की संभावित स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

संबंधित दिशा-निर्देशों की प्रति विभागों को उपलब्ध करा दी गई है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार स्थानीय शीतलहर कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिला और तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नामांकित किए जाएंगे। शीतलहर से बचाव के संबंध में जनजागृति, स्थानीय प्रसारण माध्यमों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग को रैन बसेरा एवं आश्रय गृहों में बिजली, भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बेघर एवं प्रभावित लोगों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित स्थलों में स्थानांतरित किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर अलाव की व्यवस्था भी की जाएगी। शीतलहर की गंभीर स्थिति में मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जा सकेगा। कक्षाओं को गरम रखने, प्राथमिक उपचार बॉक्स उपलब्ध कराने तथा आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है। जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में शीतलहर प्रभावितों के उपचार के लिए विशेष चिकित्सा योजना बनाई जा रही है। दवाइयों का पर्याप्त भंडारण, अलग वार्ड की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। वृद्ध, बच्चे, दिव्यांग और महिलाओं के लिए विशेष सावधानियों की व्यवस्था की जा रही है। पंचायत भवनों में शीतलहर से बचाव संबंधी सूचना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। श्रम विभाग को औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों के लिए समय-समय पर कार्य समय समायोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित आश्रय तक पहुंचाने का कार्य लोक निर्माण विभाग और पुलिस विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। परिवहन विभाग को बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड में फर्स्ट ऐड बॉक्स की व्यवस्था व आवश्यकतानुसार परिवहन समय में परिवर्तन का निर्देश दिया गया है। पशुओं के संरक्षण के लिए चारा, दवाइयों एवं आश्रय स्थलों को ढंकने जैसी व्यवस्थाएं पशुपालन विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। किसानों को शीतघात से बचाव के उपाय कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं जनजागृति कार्यक्रमों में बताए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों पर नियमित ध्यान रखें, आवश्यक सावधानियां अपनाएं तथा शीतलहर के दौरान जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। गरम भोजन करने तथा घर से बाहर निकलने पर गरम कपड़े का उपयोग करने तथा इस दौरान सर्दी, खांसी, जुकाम, सिर दर्द आदि होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर से जरूर जांच, उपचार कराने की अपील की है।

# जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहित पैकरा, अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया रहे। अध्यक्षता राजेश सिंह, उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद शिवपुर-चरचा ने की।




विशिष्ट अतिथि के रूप में रामप्रताप सिंह मरावी उपाध्यक्ष, जनजातीय गौरव समाज कोरिया तथा वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप उपस्थित रहे। वक्ता के रूप में बाबूलाल मरातो, जिला पंचायत सदस्य सूरजपुर तथा स्थानीय वक्ता विजय सिंह ठाकुर, सचिव सर्व आदिवासी समाज कोरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कॉलेज प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता बाबूलाल मारतो ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद जनजातीय समुदाय के गौरवशाली इतिहास को समाज में जागृत करने के उद्देश्य से ऐसा आयोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से जनजातीय जननायकों के योगदान को राष्टीय पहचान मिल रही है। श्री रामप्रताप मरावी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती को गौरव का दिन बताते हुए कहा कि जनजातीय समाज ने हमेशा जल, जंगल, जमीन और प्रकृति की रक्षा के लिए कार्य किया है। पत्रकार उत्तम कश्यप ने कहा कि जब तक हम अपने अतीत को नहीं जानेंगे, तब तक स्वयं को नहीं पहचान पाएंगे। उन्होंने युवाओं को बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि मोहित पैकरा ने जनजातीय नायकों के अमर योगदान को याद करते हुए उनकी विरासत को संरक्षित करने की अपील की। कार्यशाला को आकर्षक और रोचक बनाने के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा जनजातीय संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए। तनिषा, अपर्णा, डोलिमा, संजना, साक्षी, नीलम और सुषमा समूह ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला संयोजक श्रीमती जयश्री प्रजापति, सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान ने किया। अतिथियों को प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. आशुतोष देउस्कर, भूपेन्द्र सिंह, मो. आरिफ ढेबर, राजकुमार राजवाड़े, सामाजिक कार्यकर्ता नागेश नाथ, नरसिंह राजपूत एवं रितेश सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय सरपंच सम्मेलन में चनवारीडांड सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

अंतरराष्टीय विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नवा रायपुर स्थित मेफेयर परिसर में राज्य स्तरीय महिला सरपंच स्वच्छता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वच्छता के विभिन्न आयामों पर सक्रिय और उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को इस सम्मेलन में सम्मानित किया गया। सम्मेलन का नेतृत्व माननीय उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने ग्रामीण स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने में महिला सरपंचों की अग्रणी भूमिका को सराहा। इसी क्रम में ग्राम पंचायत चनवारीडांड़ को स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एमसीबी जिले से सम्मेलन में ग्राम पंचायत लालपुर की सरपंच श्रीमती उर्मिला सिंह, बोरीडांड की सरपंच निवेश लकड़ा, चनवारीडांड की सरपंच सोनू सिंह, ग्राम पंचायत कोड़ा की सरपंच सुनीता सिंह, देवाडांड की सरपंच रीता भगत तथा गिद्धमुड़ी की सरपंच सरोज मरपच्ची सहित कुल 200 से अधिक सरपंचों ने सहभागिता की। जिला प्रशासन के सहयोग से ग्राम पंचायत चनवारीडांड ने स्वच्छता के सभी प्रमुख आयामों पर प्रभावी पहल की है।




# कृषि विभाग ने किसानों को किया बीज वितरण

**मानीचौक।** ग्राम मानी में कृषि विभाग द्वारा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मानी, सपकरा के किसानों को सरसों व गेहूं बीज का वितरण किया। साथ ही अच्छी उपज करने की जानकारी दी गई।

ग्राम मानी में विगत दिनों बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विभाग द्वारा एनएमईओ योजना के तहत तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को निःशुल्क सरसों बीज का वितरण किया जा रहा है। साथ ही बीज ग्राम योजना अंतर्गत गेहूं बीज 50 प्रतिशत अनुदान मे किसानों को बीज दिया जा रहा है जो कृषि विभाग के विस्तार विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के किसानों बीज उपलब्ध करा रहे है। इसी तारतम्य में विगत दिनों ग्राम मानी पंचायत भवन प्रांगण में सपकरा व मानी के दर्जनों किसानों को सरसों का निःशुल्क बीज वितरण किया गया साथ ही पचास प्रतिशत की छूट में गेहूं का बीज वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती प्रेम कुमारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि तिलहन के रूप में विभाग द्वारा जो सरसों का बीज वितरण किया गया है उसको बोने का अभी उचित समय चल रहा है इसलिए तत्काल सरसों बीज को बो कर अच्छी उपज कमाए और अपना कमाया हुआ शुद्ध तेल को खाएं बाजार से महंगी और मिलावट वाला तेल से बचे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अब तक कोरिया...


की गई। तरगवां केन्द्र में समिति एवं ऐप दोनों माध्यमों से 9 टोकनों के माध्यम से 376.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, इसी तरह अन्य केन्द्रों जामपारा, चिरमी बंजारीडाड़, लिटिया, पोड़ी, बैमा, रजौली, सरभोका, सलबा, सोनहत/कटगोड़ी में भी किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और धान बेचा। समिति द्वारा 53 टोकन, तुंहर टोकन ऐप के माध्यम से 18 टोकन, कुल 71 टोकन तथा कुल धान 3438.29 क्विंटल खरीदी के लिए टोकन जारी हुए थे।

### सुंदरपुर में बालमेले...

में सुंदरपुर के विद्यार्थी राज्य के मेरिट स्थान पर अपनी जगह पक्की करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से जनसमुदाय एवं समाज का विद्यालय से जुड़ाव बढ़ता है। बाल मेल के शुभारंभ अवसर पर अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाडे, ग्राम पंचायत सुंदरपुर सरपंच द्वारिका सिंह मरकाम, विधायक प्रतिनिधि राम प्रताप मरावी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे , जिनके द्वारा बाल मेले का शुभारंभ करने के बाद विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई एक-एक स्टाल का अवलोकन किया गया एवं विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ भी उठाते हुए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। सुबह 10 बजे से प्रारंभ बाल मेला देर अपरान्ह तक चला। इस दौरान संकुल संदरपुर क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों, अनेक अभिभावकों के साथ सोनहत जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर, भाजपा जिला महामंत्री शारदा गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाडे, मनीष शुक्ला सहित जिला शिक्षा अधिकारी श्री राय, बीईओं सोनहत अरविंद सिंह, एसडीएम सोनहत, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, तहसीलदार सोनहत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सोनहत, पंचगण, प्राचार्य बीपी सिंह, शिक्षक अमित शर्मा सहित शासकीय हायर सेकेंडरी सोनहत के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अलावा पालक गण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बाल मेले का आनंद लिया।

# पूर्व पीएम की जयंती पर कांग्रेसजन ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय बैकुंठपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रियदर्शिनी श्रीमती इंदिरा गांधी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि साहस, निर्णायक नेतृत्व और राष्टहित में सर्वोच्च त्याग की प्रतीक थीं। उनके द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय बैंकों का राष्टीयकरण, प्रिवी पर्स की समाप्ति, हरित क्रांति तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम ने भारत को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील दिशा प्रदान की। वक्ताओं ने कहा कि उनका नेतृत्व भारतीय राजनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। कठिन परिस्थितियों में भी देश को आगे बढ़ाने का जो साहस और संकल्प इंदिरा गांधी ने दिखाया, वह आज भी देशवासियों को प्रेरणा देता है। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, राजीव गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, बिहारी लाल राजवाड़े, हेमसागर यादव, गणेश राजवाड़े, कृष्ण कुमार राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, रामायण सिंह, वसीम वकील, धीरज सिंह, दीपक गुप्ता, अविनाश पाठक, अंकित गुप्ता, जाग्रत कुर्रे, शहाब अख्तर सिद्दीकी, एसएन मोदी, शिकंदर आशिक, एजाज गुड्डु, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, संजय खलखो आदि शामिल रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**
क्रमांक /3655/ वाचक-1/ डायवर्सन /2025 मनेन्द्रगढ़, दिनांक/18/11/2025
**(सुखदेव मरावी प्रति छ.ग. शासन)**
**"ईश्तहार"**
रा.प्र.क्रं.202511330400008/अ-2/2025-26

पक्षकार सुखदेव मरावी प्रति छ.ग. शासन, ग्राम महाराजपुर ग्राम/नगर महाराजपुर की जनता को सूचित किया जाता है आवेदक सुखदेव मरावी आ.लक्ष्मण मरावी, निवासी ग्राम महाराजपुर तह. मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् प.ह.नं. 02, ग्राम महाराजपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 91/1, रकबा 0.7500 हे.भूमि का राजस्व अभिलेखों में दर्जशुदा भूमिस्वामी एवं कब्जेदार है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नं. 91/1, रकबा 0.7500 हे. में से रकबा 40 डिसमिल भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराने हेतु मय दस्तावेज सहित पेश किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 04/12/2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**

